**प्रो0 दीपक नगरिया**
परीक्षा नियंत्रक

**डॉ0ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ0प्र0**
(पूर्ववर्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)
सेक्टर–11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0–226031

**पत्रांक स० : ए०के०टी०यू०/प०नि०का०/2025/ 2011** **दिनांकः 02 अगस्त,2025**

सेवा मे,

निदेशक / प्राचार्य
डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थायें।

**विषयः सत्र 2024–25 सम सेमेस्टर, प्रथम चरण परीक्षा के बी0टेक, बी0फार्म, बी0एफ0ए0 एवं बी0एफ0टी0डी0 पाठ्यकमों के चैलेंज मूल्यांकन के सम्बन्ध में।**

महोदय,

विश्वविद्यालय से सम्बद्ध सभी संस्थानों में अध्ययनरत छात्र / छात्राओं को सूचित करना है कि सत्र 2024–25 सम सेमेस्टर के प्रथम चरण की परीक्षा जो दिनॉक 17 / 05 / 2025 से 13 / 06 / 2025 के मध्य हुई परीक्षा में प्रतिभाग करने वाले छात्र / छात्राओं के बी0टेक, बी0फार्म, बी0एफ0ए0 एवं बी0एफ0टी0डी0 पाठ्यकमों के परीक्षा परिणाम जारी किया जा चुका है।

उक्त परीक्षाओं से सम्बंधित ऐसे छात्र / छात्रा जो अपनी उत्तर–पुस्तिकाओं का चैलेंज मूल्यांकन कराये जाने के इच्छुक हैं, ऐसे छात्र / छात्रा अपने विषयों का चैलेंज मूल्यांकन का फार्म भरने से पूर्व चैलेंज मूल्यांकन के संबंध में उत्तर प्रदेश शासनादेश शासनादेश संख्या 39298 / 16–1099 / 17 / 2020, दिनांक 11 सितम्बर, 2020 के साथ संलग्न श्री राज्यपाल / कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव के पत्र संख्याः ई–7443 / 03–जी0एस0 / 03'जी0एस0 / 2019 (टी0सी0) (छायाप्रति संलग्न) में उल्लिखित / वर्णित गाइड लाईन (मानक निर्देश) के अनुसार आवेदन कर सकते है।

- प्रथम चरण में चैलेंज मूल्यांकन हेतु छात्र को उक्त शासनादेश में उल्लिखित व्यवस्था के अनुसार मूल्यांकित उत्तर–पुस्तिका देखने के लिए प्रति विषय रू 300 / (तीन सौ) मात्र विश्वविद्यालय में ई0आर0पी0 लॉगिन के माध्यम से ऑन–लाइन जमा करते हुए दिनांक **12 अगस्त, 2025 तक** आवेदन कर सकते है।
- प्रथम चरण में चैलेंज मूल्यांकन हेतु आवेदन की अन्तिम तिथि के उपरान्त छात्र की डिजिटल मूल्यांकित उत्तर–पुस्तिका छात्र के ई0आर0पी0 लॉगिन में उपलब्ध करा दी जायेगी।
- डिजिटल मूल्यांकित उत्तर–पुस्तिका का अवलोकन करने के उपरान्त यदि छात्र असंतुष्ट होता है तो नियत तिथि तक चैलेन्ज मूल्यांकन हेतु निर्धारित शुल्क जमा करते हुए आवेदन कर सकता है।

अतः उक्त से अवगत होते हुए चैलेंज मूल्यांकन का आवेदन करने हेतु इच्छुक छात्रों को अपने स्तर से भी सूचित करते हुए समयानुसार आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।

संलग्नकः यथोक्त।

Deepak Nagaria
02/08/2025

**( प्रो0 दीपक नगरिया )**
परीक्षा नियंत्रक

**पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।**
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1 प्रतिकुलपति / कुलसचिव / वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2 संयुक्त / उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3 प्रभारी ई0आर0पी0, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित की उपरोक्त के सन्दर्भ समयानुसार छात्रों का चैलेंज मूल्यांकन का आवेदन तथा निर्धारित शुल्क जमा कराने हेतु यथा आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।
4 जनसम्पर्क अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
5 स्टाफ आफिसर, कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

**( प्रो0 दीपक नगरिया )**
परीक्षा नियंत्रक